

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 44 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 14 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# भाजपा सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा करती है - मुनमुन

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने मां बैनगंगा को नमन कर आरंभ किया जनसंपर्क अभियान





सिवनी यशोः-भारतीय जनता पार्टी सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा करने के पवित्र संकल्प के साथ कार्य करती है जिसका परिणाम है आज खेतो में पानी पहुँच रहा है, घर रोशनी से जगमगा रहे है और किसानों को बिजली मिल रही है उक्ताशय की बात दिनेश राय मुनमुन द्वारा ग्रामीण अंचल मे जनसंपर्क अभियान के दौरान कही गयी।

शुक्रवार 13 अे टूबर 2023 को भारतीय जनता पार्टी के सिवनी विधानसभा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ लखनवाड़ा घाट मे मां बैनगंगा को श्रद्धापूर्वक नमन एवं पूजन अर्चन से जनसंपर्क अभियान आरंभ कर निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ग्राम सरगापुर, संगई, गंगई, जैतपुरकलां, कमकासुर, मड़वा, हथनापुर, पिपरिया, कन्हरगांव, जाम, हिनोतिया, जैतपुरखुर्द, मुंगवानीखुर्द, मुंगवानीकलां, मारबोडी, चंदौरी, सागर, जमुनिया, बिहीरिया, बंधा, गाडरवाड़ा, दिघौरी, घोंटी, पुसेरा, खैरी एवं भाटीवाडा ग्राम पहुंचे। जहां पर जनसंपर्क कर ग्रामीण बंधुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्रामीण अंचल मे जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने ग्रामीण बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव गाव में स्कूल खुल गये है उच्च शिक्षा भी सहजता से प्राप्त हो रही है साथ ही शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिये अनेक योजनाओं के माध्यम से छात्रों को मदद की जा रही है। हर गरीब को घर और जमीन देने का काम भारतीय जनता पार्टी सरकार कर रही है। तथा अनेक प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम आदमी को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का काम किया जा रहा है।

दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये उन्हें 1250 रूपये प्रतिमाह दिये जा रहे है तथा इसे तीन हजार तक बढाया जायेगा। श्री राय ने कहा कि जनहितैषी योजनाओं के साथ ही प्रदेश और विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति तीव्र हुई है। जनसंपर्क के दौरान दिनेश राय मुनमुन ग्राम सरगापुर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन पटेल, रणजीत पटेल एवं ग्राम संगई मे वरिष्ठ नेता कीरतसिंह बघेल, राजेन्द्र पटेल के निवास पहुंचे तथा कुशलक्षेम जानकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ग्रामीण बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# कांग्रेसी परिषद में व्यापक भ्रष्टाचार, गुमराह करने वाले जबाव दे रहे परिषद के कर्मचारी

सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका परिषद में कांग्रेसी परिषद बैठने के बाद से भ्रष्टाचार का साम्राज्य आ गया है परिषद के कर्मचारी और अधिकारी भी उसी भ्रष्टाचार की भाषा के आदी हो गये है और वे कांग्रेसी परिषद के इतने अधिक दबाव में काम कर रहे है कि जि मेदारी से जबाव नहीं देते विरोधी दल के पार्षदों को तो जबाव देने से वे परहेज ही करते है परंतु जिले के कले टर जो आई ए एस अधिकारी और जिला दंड अधिकारी है उन्हें भी गुमराह करने वाला जबाव देकर तीरंदाज बन रहे है । नगर पालिका परिषद में जिस तरह से भ्रष्टाचार को कांग्रेसी परिषद बढ़ावा देकर लूट रही है वह परिषद को दिवालिया बनाने की ओर बढते कदमों की आहट है । परिषद में हो रहे भ्रष्ट कारनामों की जाँच उच्च जाँच एजेंसी से कराकर दोषियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाना चाहिये । उक्ताशय की मांग सिवनी नगर पालिका परिषद में पार्षद



राजेश राजू यादव ने की है ।

श्री यादव ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि गत 05 सितंबर को भाजपा पार्षद दल के नेता ज्ञानचंद सनोडिया ने नगर पालिका परिषद द्वारा विद्युत सामग्री क्रय किये जाने में भारी अनियमित्ताओं का आरोप लगाते हुये भुगतान पर रोक लगाये जाने की मांग जिला कले टर से की थी । जिला कले टर कार्यालय ने श्री सनोडिया के पत्र का जबाव देने के लिये नगर परिषद को लिखा जिसमें नगर पालिका परिषद द्वारा जबाव दिया गया कि सिवनी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष द्वारा 25 जुलाई को एक लिखित आवेदन देकर स्वाधीनता दिवस पर नगर के डिवाईडर पर लगे हुये 250 बिजली के पोलों पर तिरंगा रोल लाईट लगाने की मांग की गयी थी और जिसकी अनुमनित लागत दस लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव परिषद की प्रेसीडेंट कौंसिल में रखा गया । पी आई सी में प्रस्ताव क्रमांक 55 दिनांक 01 अगस्त 2023 को 875000 आठ लाख पचहत्तर रूपये सामग्री क्रय करने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति पी आई सी द्वारा प्रदान की गयी एवं सामग्री जेम प्लस बिड के माध्यम से क्रय किये जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई । परिषद ने 04 अगस्त को ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की । आमंत्रित निविदा में दो फर्मो ने भाग लिया । निविद खुलने


शेष समाचार पृष्ठ 03 पर





## मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर मतदान करने के लिए मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी नवजीवन विजय के निर्देशानुसार स पूर्ण जिले में स्पीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नवीन मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया गया। इसी तरह रैली, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी, मतदाता पाती सहित विविध गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं से मतदान दिवस 17 नव बर को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# सिवनी पहुँची भूकंप निरीक्षण टीम, भूकंप वैज्ञानिक ने कहा- भूकंप से जान-माल का नहीं होगा नुकसान

### अब तक सिवनी में आ चुके हैं 37 भकूंप के झटके

सिवनी यशोः- सिवनी में लगभग तीन सालों से भकूंप के झटके महसूस किये जा रहे हैं। जिसे देखते हुए जिले के कले टर क्षितिज सिंघल ने राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों को यथास्थिति जानने के लिए बुलवाया। पिछले तीन दिनों से राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार प्रजापति अपने तीन अन्य साथियों के साथ सिवनी पहुंचे थे। और निरीक्षण कर रहे थे। आज प्रेस से रूबरू होते हुए डॉ. संजय कुमार प्रजापति ने बताया कि सिवनी में ईस्ट-वेस्ट में हजारों वर्षो से दरारें है। जब बारिश का पानी अधिक हो जाता है। तो वह दरारों में पहुंचता है। जिसके कारण ऊर्जा तनाव होती है। और भूकंप के झटके आते है। यह भी बताया कि जिस तरह के झटके सिवनी में आते हैं। इसी तरह के झटके देश के कुछ अन्य हिस्सो में भी आते हैं। जिससे किसी प्रकार का भारी नुकसान होने की संभावना नहीं रहती। सिवनी जिले के चार अलग-अलग स्थानो में उनके द्वारा मापी यंत्र लगाये गये हैं। जिसका



डेटा 24 घंटे राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र को मिलते रहता है। डॉ. संजय कुमार प्रजापति ने यह भी बताया कि पिछले तीन चार वर्षो के भीतर सिवनी जिले में लगभग 37 भूकंप के झटके आ चुके हैं। लेकिन ये भूकंप के झटके इतने जोरदार नहीं है कि इससे किसी को जनहानि हो सके। भू वैज्ञानिक ने इस बात को भी नकार दिया कि सिवनी में जो भूकंप के झटके आ रहे हैं। उसमें कहीं ब्लास्टिंग का कारण भी हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिवनी के आसपास हजारो वर्ष से दरारे बनी हुई है जिसमें अत्यधिक बारिश से पानी का रिसाव होता है जिसके चलते दरारो के भीतर एक विशेष प्रकार की गैस निकलती है जिससे इस प्रकार के भूकंप आते है। पिछले लगभग तीन सालों से बारिश के बाद सिवनी मु यालय में लगातार भूकंप के झटके महसूस किये जा रहे हैं। इससे पहले भी भू वैज्ञानिकों ने यह स्पष्ट कर दिया था कि उक्त भूकंप के झटको से कोई जनहानि नहीं होगी। लगातार भूकंप के आने से जिला कले टर क्षितिज सिंघल ने राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के वैज्ञानिको से संपर्क साधा था। ताकि वह सिवनी आकर निरीक्षण कर सके। और भूकंप के झटको के कारणो का पता लगाया जा सके। जिसके बाद तीन सदस्यीय दल सिवनी पहुंचा था जो तीन दिनों से भूकंप के झटकों में नजर बनाये हुए था। आज प्रेस से रूबरू होते हुए डॉ. संजय ने यह स्पष्ट कर दिया कि जो भूकंप के झटके आ रहे हैं वह घातक नहीं है और बारिश के बाद इस तरह के झटके महसूस होते रहेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन महाकालेश्वर मे शिव दर्शन उपरांत करेंगे जनसंपर्क प्रारंभ



सिवनी यशोः-आज शनिवार 14 अे टूबर को भारतीय जनता पार्टी के सिवनी विधानसभा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन महाकालेश्वर मे दर्शन व पूजन अर्चन उपरांत जनसंपर्क अभियान प्रारंभ करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन जी क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम बोरदई टेकरी स्थित महाकालेश्वर मंदिर मे भगवान शिव जी के दर्शन व विधिवत पूजन अर्चन कर जनसंपर्क अभियान प्रारंभ करते हुए प्रातः 10:00 बजे ग्राम बोरदाई पहुंचेंगे।

इसके पश्चात श्री दिनेश राय मुनमुन 10:20 बजे जनतानगर, 10:40 बजे पिपरिया, 11:00 बजे केकडवानी, 11:20 बजे सुकवाह, 11:40 बजे कोकीवाडा, 12:00 बजे मैली, 12:20 बजे डोरली छतरपुर, 12:40 बजे पलारी, 01:00 बजे आमाझिरिया, 01:20 बजे डुंगरिया, 01:40 बजे चीचबंद, 02:00 बजे पाथरफोडी, 02:40 बजे करकोटी, 03:00 बजे मेहराखापा, 03:20 बजे मुण्डरई, 03:40 बजे विजयपानी, 04:00 बजे उडेपानी, 04:20 बजे ईदावाडी, 04:40 बजे बरेलीपार, 05:00 बजे कंजई, 05:20 बजे झीलपिपरिया, 05:40 बजे खमरिया, 06:00 बजे कंडीपार, 06:20 बजे बींझावाडा 06:40 बजे कोहका, 07:00 बजे राघादेही, 07:20 बजे बिठली एवं 07:40 बजे मानेगांव ग्राम पहुंचेंगे तथा जनसंपर्क कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस दौरान दिनेश राय मुनमुन के साथ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

## तहसील सिवनी हेतु निर्वाचन संबंधी सूचनाएं एवं शिकायत हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

सिवनी यशोः- विधानसभा क्षेत्र सिवनी- 115 हेतु निर्वाचन 2023 में निर्वाचन कार्य सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से संपादित कराने एवं जनमानस की सुविधा हेतु रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 115 तहसील कार्यालय सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक- 07692-223967 है कंट्रोल रूम 24×7 खुला रहेगा।

### जबरन नॉलेज




# नृत्य में भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों के दर्शन कराए, दक्षिण शैली पर दी धमाकेदार प्रस्तुति

## अग्रवाल समाज के बच्चों व महिलाओं ने दी शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति



सिवनी यशोः- महाराज श्री अग्रसेन जन्मोत्सव पर जबलपुर रोड स्थित अग्रसेन भवन में गुरूवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन बच्चों व महिला ग्रुपों के धमाकेदार प्रस्तुति ने जमकर तालियां बटोरीं। हिन्दू देवी-देवताओं के अवतारों व विभिन्न लीलाओं का बहुत सुंदर तथा मार्मिक तरीके से चित्रण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों व अग्रवाल समाज सिवनी के पदाधिकारियों ने माता महालक्ष्मी व महाराज अग्रसेन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ की। दूसरे दिन के कार्यक्रमों का संचालन अग्रसेन एकता महिला मंच ने किया। महिलाओं के मधुर बालाएं ग्रुप ने भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों का नृत्य के माध्यम से सजीव चित्रण किया। भगवान के मत्स्य, बरहा, नरसिंह अवतार इत्यादि के दर्शन कराए। वहीं बालिकाओं के कांतरा ग्रुप ने दक्षिण शैली में वनदेवता बरहा स्वामी की स्तुति पर आधारित गीत पर धमाकेदार डांस की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। निर्णायकों सहित उपस्थितजनों ने बालिकाओं द्वारा तैयार डांस को खूब सराहा। बच्चों के रणथंभौर के रंगीले छोरे ग्रुप ने अपने कठपुतली डांस से उपस्थितजनों को ताली बजाने पर मजबूत कर दिया। आयो..रे आयो..रे मारो रंगीला मेहमान राजस्थानी गीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### महाराज अग्रसेन का इतिहास बताया

प्रवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित बिजली कंपनी सिवनी वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री प्रद्यु न कुमार अग्रवाल व श्रीमती प्रिया अग्रवाल का मंचीय कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधीक्षण अभियंता प्रद्यु न अग्रवाल ने कहा कि सिवनी अग्रवाल समाज से मिला स्नेह व स मान उन्हें हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने महाराज श्री अग्रसेन के क्षत्रीय धर्म त्याग कर वैश्य धर्म अपनाने के कारण व सूर्यवंश इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निर्णायक के तौर पर उपस्थित श्रीमती लवी जैन, कु. सानिका जैन का आयोजन समिति द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री श्रवण अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री सत्यनारायण अग्रवाल, महासचिव नरेश अग्रवाल, सहसचिव तरूण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश अग्रवाल, सभी पदाधिकारी-सदस्य, युवा समिति तथा बड़ी सं या में महिला-पुरूष व बच्चे उपस्थित रहे। अतिथियों व निर्णायकों को सिवनी अग्रवाल समाज की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर स मानित किया गया। मंचीय कार्यक्रम का संचालन श्री उमेश मोदी ने किया।

### बच्चों के फैंसी ड्रेस ने लुभाया

अग्रसेन एकता महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती शीतल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में कक्षा पहली से तीसरी तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भव्य मोदी- वान्या अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल- अनय अग्रवाल, प्रणिका मोदी- मोनाली अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल-मायरा अग्रवाल, कबीर सिंघानिया-सिवांश अग्रवाल ने अलग-अलग वेशभूषा में सभी का मनोरंजक किया। अलग-अलग आयु समूह में बच्चों ने एक से बढ़कर एक डांस कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्यारी बहन ग्रुप के बच्चों ने भाई-बहिन के संबंध में दर्शाया। राजस्थानी वेशभूषा में सजी अलबेली छोरियां ग्रुप ने राजस्थान की संस्कृतिक और होली के उल्लास पर आधारित नृत्य पेश किया। मेरा नाम जोकर ग्रुप ने अपने चुलबुले डांस से सभी को खूब हंसाया।

### प्रस्तुत किया शिव तांडव नृत्य

बच्चों के दूसरे आयु समूह वर्ग में जय श्रीराम ग्रुप के बच्चों ने महाबली हनुमान भक्ति व शक्ति पर आधारित डांस दिखाया। गर्ल्स पावर ग्रुप ने माता महाकाली के स्वरूप को प्रदर्शित करते हुए नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रिया अग्रवाल- वर्तिका अग्रवाल ने काली तांड़व नृत्य के साथ रक्तबीज संघार का चित्रण किया। आर्टिस्ट दीवानी ग्रुप ने जोरदार नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्यकारी ग्रुप ने भगवान श्रीकृष्ण व देवी रूकमणी का चित्रण करते हुए धमाकेदार डांस की प्रस्तुति देकर सभी को आनंदित कर दिया। महिला वर्ग में शिवनारायण शक्ति ग्रुप ने मनमोहक राजस्थानी परिधान में शानदार कालवेलिया नृत्य पेश किया। जय मां काली ग्रुप ने माता महाकाली का रौद्र रूप दिखाते हुए जोरदार डांस किया। कार्यक्रम के अंत में महाकाल के दीवाने ग्रुप ने भगवान भोलेनाथ की भस्म आरती व शिव तांडव नृत्य की अनूठी प्रस्तुति दी। मंच संचालन श्रीमती तृप्ति अग्रवाल और श्रीमती आरती अग्रवाल ने किया। 14 अे टूबर शनिवार को सदाबहार गीतों पर आधारित श्री अग्रसेन अंताक्षरी प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे से होगी। दोपहर 3 बजे से ` ले आर्ट गणेश जी, 4 बजे से मोर छड़ी सजाओ, 5 बजे से जायके का सफर, टाफी बुके प्रतियोगिता, ड्राइंग का पीटिशन रखी गई है। कार्यक्रम में नागपुर के प्रसिद्ध डा. संदीप अग्रवाल डा. श्रीमती सारिका अग्रवाल बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे।

# सामाजिक ताना बाना तोड़कर सत्ता तक पहुँचने का कुचक्र है जातीय आधारित जनगणना की माँग

रमेश शर्मा-

जाति आधारित जनगणना पर देश में मानों राजनैतिक तूफान उठ आया है। यह तूफान ऐसे समय उठा है जब 2024 के लोकसभा चुनाव की दस्तक हो गई और दूसरी ओर सनातन धर्म को समाप्त करने की खुली घोषणा भी। कुछ राजनैतिक दल इस तूफान को सत्ता तक पहुँचने का मार्ग बनाना चाहते हैं और साथ ही उन तत्वों को सुरक्षा कवच भी देना चाहते हैं जो सनातन धर्म को समाप्त करने पर उतारू हैं।

यह तूफान अचानक नहीं उठा है। इसे योजना पूर्वक उठाया गया है। इसे उठाने वाले वे क्षेत्रीय दल हैं जिनकी राजनीति का आधार जाति,वर्ग भाषा, और क्षेत्र है। ये सभी दल और उनके नेता राजनीति को राष्ट्रनीति से ऊपर मानते हैं। उनका उद्देश्य राष्ट्ररक्षा या समाज सेवा नहीं केवल सत्ता है।

अब उनके साथ दिल्ली की सत्ता प्राप्त करने का प्रयत्न कर रही काँग्रेस भी मिल गई है। इन सभी राजनैतिक दलों ने गठबंधन तो बना लिया है फिर भी सफलता संदिग्ध लग रही है। इसका कारण भाजपा के नेतृत्व में काम कर रही नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किये गये वे काम हैं जिससे देश के भीतर सरकार की साख बढ़ी और दुनियाँ में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। यह राष्ट्रीय भाव के जागरण और समाज के एकत्व का ही प्रभाव है कि इन साढ़े नौ वर्षों में देश के विकास और साख में गुणात्मक वृद्धि हुई। इससे देश की जनता में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास उत्पन्न हुआ। इस विश्वास ने मोदी सरकार को 2024 में एक बार फिर सफलता की संभावना स्पष्ट कर दी है।

लगता है इसी वातावरण में सेंध लगाने केलिये कुछ राजनैतिक दलो ने समाज में जातीय भाव प्रबल करके सत्ता तक पहुँचने की योजना बनाई है। समाज को बाँटकर सत्ता प्राप्त करने का फार्मूला नया नहीं है। यह वही योजना है जो भारत पर राज करने के लिये विदेशियों ने बनाई थी। पहले रियासतों बाँटकर शासन करने का काम सल्तनतकाल में हुआ। फिर समाज को बाँटकर राज्य करने का फार्मूला अंग्रेजों ने बनाया। अंग्रेजों ने अपने फार्मूले को छुपाया भी नहीं था।उन्होंने स्पष्ट कहा था ÷डिवाइड एण्ड रूल÷ अर्थात बाँटों और राज करो।

पहले चर्च को सक्रिय कर अंग्रेजों ने भारत के वनवासी और नगरवासी समाज के बीच खाई बनाई। इसकी शुरुआत 1757 में प्लासी का युद्ध जीता, भारत का सर्वे किया और 1773 से वनक्षेत्रों में सक्रिय हुये। विभाजन की कूटरचित कहानियों का प्रचार हुआ । भारतीय साहित्य और विभाजन का कूटरचित साहित्य प्रचारित किया और वैमनस्य मजबूत रेखा खींची । फिर 1857 की क्रांति के अनुभव के बाद जातीय लकीरें खींचकर ग्रा य और नगरीय समाज को बाँटने की योजना बनी। इसका आधार जाति को बनाया गया ।




जबकि भारत में न तो वनवासी और नगरवासी जीवन में कोई भेद था और न जन्म और जाति के आधार पर।

यदि भेद होता तो वालिमिकी जी को ऋषित्व प्राप्त न होता। मध्यकाल में रविदास जी और कबीरदास को रामानंद जी शिष्य थे और झाला रानी एवं मीराबाई रविदास जी की शिष्य थीं। वेदिककाल से लेकर आधुनिक काल तक ऐसी परंपराओं ने भारतीय वाड्मय भरा हुआ है ।1857 की क्रांति में भारतीय समाज की एकजुटता बहुत स्पष्ट थी। इसलिए अंग्रेजों ने अपनी सत्ता को सुरक्षित करने के लिये जाति आधारित समाज विभाजन का षड्यंत्र किया ।एक ओर कुछ लोगों को तैयार करके समाज में परस्पर नफरत फैलाने का काम हुआ और दूसरी ओर 1872 में जाति आधारित जनगणना करने का निर्णय हुआ । वायसराय मैयो के निर्देशन में जातीय आधारित जनगणना के आँकड़े पहली बार 1881 में सामने आये जो 1931 तक चला । 1941 की जनगणना भी जाति आधारित हुई थी पर इसके आकड़े जारी नहीं हुये।

स्वतंत्रता के बाद अंग्रेज भले चले गये पर अंग्रेजियत बनी रही । यह अंग्रेजियत के बने रहने का ही प्रमाण है कि अंग्रेजों का अंतिम वायसराय भारत का पहला गवर्नर जनरल बना । इसीलिए अंग्रेजों का दिया गया नाम इंडिया हटा और न राजकाज में अंग्रेजी का प्रभुत्व घटा । भारतीयों की जीवन शैली में भी अंग्रेजियत यथावत रही । यस अंग्रेजों द्वारा बोये गये बीज का ही प्रतिफल था कि स्वतंत्रता के बाद भी एक समूह ऐसा रहा जो जाति आधारित जनगणना पर जोर देता रहा। स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना 1951 के लिये भी जाति आधारित जनगणना की मांग उठी थी पर लगभग सभी नीति निर्धारकों ने इस माँग को नकार दिया। इसके लिये गाँधीजी के सिद्धांत पर अमल करना उचित समझा गया।

गाँधीजी ने अपने स्वराज की कल्पना में कहा था- ÷स्वराज सबके कल्याण के लिये होगा, स्वराज में जाति और धर्म को स्थान नहीं होगा÷ । गाँधीजी का ऐसा एक आलेख %यंग इंडिया% के मई 1930 अंक में भी छपा था। जाति आधारित जनगणना का मुखर विरोध सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था जिनका समर्थन पं जवाहरलाल नेहरू, बाबासाहब अंबेडकर और डा राम लोहिया ने भी किया था । अंबेडकर जी और डा लोहिया का तो पूरा अभियान ही जातिवाद को मिटाने का था। लेकिन अब उन्हे अपना आदर्श बताकर राजनीति करने वाले दल भी जाति आधारित जनगणना कराने पर अड़े हुये हैं। यही स्थिति काँग्रेस की है।

गाँधीजी, नेहरूजी और शास्त्री जी के बाद की पीढ़ी में श्रीमती इंदिरा गाँधी आई उनके समय तो नारा था ÷ जात पर, न पांत पर- मोहर लगेगी हाथ पर÷% किन्तु आज राहुल गाँधी सहित सभी काँग्रेस नेता जाति आधारित जनगणना का अभियान चला रहे हैं, ओबीसी का नया कार्ड खेल रहे हैं। जिन डॉ राम मनोहर लोहिया ने समाज से जातिवाद मिटाने का संकल्प लिया था उनको आदर्श मानने वाले अखिलेश यादव, लालू प्रसाद यादव और नितीश कुमार जातिवाद का झंडा बुलंद कर रहे हैं। पता नहीं  यों उन्हें लगता है कि समाज में भावनात्मक एकता को तोड़कर ही उनकी सत्ता का मार्ग बनेगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा और नरेंद्र मोदी सरकार की शक्ति समाज के एकत्व, राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक गौरव के भाव में है। इसे तोड़ने के लिये ही जातीय आधारित जनगणना का मार्ग बनाया जा रहा है। इसलिए यह माँग उछाली गई है। और इस माँग का मानो एक तूफान खड़ा करने का प्रयास हो रहा है। भविष्य की जो इबारत दीवार पर से झाँक रही है। उसे देखकर इस आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि अभियान केवल जाति आधारित जनगणना तक सीमित न रहेगा अपितु समाज के भीतर कुछ ऐसे तत्व भी सक्रिय किये जा सकते हैं जो वैमनस्य फैलाने का काम करें। यह सोशल मीडिया का जमाना है । कुछ लोग फर्जी एकाउंट बना कर जातियों के परस्पर वैमनस्य फैलाने की सामग्री डाल सकते हैं फर्जी वीडियो भी हो सकते हैं। ऐसी फर्जी सामग्री और वीडियो रोज सामने आते हैं । यह आशंका इसलिये भी प्रबल है कि विरोधियों के समूह में वे शक्तियाँ भी शामिल हैं जो भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म को समाप्त करना चाहती हैं। इसकी खुली घोषणा तमिलनाड के उदयनिधि ने की थी और समर्थन में कर्नाटक के डी राजा, प्रयंक खड़गे, बिहार के चन्द्रशेखर, उत्तरप्रदेश के स्वामी प्रसाद मौर्य आदि ने भी स्वर मिलाया। प्रियंक के पिता मल्लिकार्जुन खड़गे तो एक बार यहाँ तक कह ही चुके थे कि यदि मोदी दोबारा आये तो सनातन धर्म मजबूत होगा। इसलिये मोदी को हराना होगा । इससे यह स्पष्ट है कि ये मोदी जी को तो हराना चाहते हैं साथ ही सनातन धर्म को भी समाप्त करना चाहते हैं। लेकिन समाज में मोदी जी की स्वीकार्यता इतनी प्रबल है की उसे तोड़ने के लिये यह जातिवाद का तीर छोड़ा गया और कुछ जातिवादी नेता समाज में सक्रिय किये गये हैं।

जातीय विमर्श खड़ा करके एक तीर से दो निशाने लगाये गये हैं । एक तो जातीय भेद पैदा करके अपनी सत्ता का मार्ग बनाना और दूसरा सनातन धर्म पर हमला करने वालों को सनातन समाज की नजरों से दूर करना । जबसे जातीय आधारित जनगणना की माँग उठी तब से समाज का ध्यान उन लोगों की ओर से हट गया जो सनातन धर्म को समाप्त करने का आव्हान कर रहे थे । जब सनातन धर्म को समाप्त करने आव्हान हुआ था, तब संपूर्ण सनातनी समाज अपने धर्म की रक्षा के लिये भावनात्मक रूप से एकजुट होने लगा था । इस भावनात्मक एकजुटता को देखकर कुछ विपक्षी नेताओं मंदिर जाने, पूजा पाठ करने, संतों के स मान आदि के फोटो जारी करने का काम करने लगे थे । पर जबसे जातीय आधारित जनगणना की माँग उठी तब से सबकी नजर में वे लोग ओझल हो गये जो सनातन धर्म को समाप्त करने का कुचक्र कर रहे हैं। इसलिए इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि जातीय आधारित जनगणना की माँग उठाना और बिहार में जाति आधारित आकड़े जारी करना एक निश्चित योजना का हिस्सा है । ताकि आगामी चुनावों में कुछ रास्ता बने और साथ ही सनातन द्रोहियों का बचाव भी हो सके।

# प्रधानमंत्री ने 9वें जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर स मेलन (पी-20) का उद्घाटन किया

नई दिल्ली - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में 9वें जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर स मेलन (पी-20) का उद्घाटन किया। शिखर स मेलन की मेजबानी भारत की संसद द्वारा भारत की जी-20 अध्यक्षता की व्यापक संरचना के तहत %एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद% की थीम के साथ की जा रही है।

प्रधानमंत्री ने जनसमूह को संबोधित करते हुए, भारत के 140 करोड़ नागरिकों की ओर से जी-20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर स मेलन में गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷शिखर स मेलन विश्वभर की सभी संसदीय प्रथाओं का एक %महाकुंभ% है।÷ यह रेखांकित करते हुए कि आज उपस्थित सभी प्रतिनिधियों के पास विभिन्न देशों के संसदीय ढांचे का अनुभव है, श्री मोदी ने आज के कार्यक्रम पर अत्यंत संतोष व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने भारत में त्योहारी सीजन  का उल्लेख करते हुए कहा कि, जी-20 ने पूरे वर्ष त्योहारी उत्साह बनाए रखा  योंकि जी-20 से संबंधित माहौल कई शहरों में व्याप्त था जहां भारत की अध्यक्षता के दौरान जी-20 से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इन समारोहों को चंद्रयान की चंद्रमा पर लैंडिंग, एक सफल जी-20 शिखर स मेलन और पी-20 शिखर स मेलन जैसे कार्यक्रमों से और अधिक प्रोत्साहन मिला। उन्होंने कहा, ÷किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उसके लोग और उनकी इच्छा शक्ति होती है और यह शिखर स मेलन उसी के आयोजन का एक माध्यम है।÷

प्रधानमंत्री ने बल देकर कहा कि पी-20 शिखर स मेलन उस भूमि पर आयोजित हो रहा है जो न केवल लोकतंत्र की जननी के रूप में जानी जाती है बल्कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। विश्वभर की विभिन्न संसदों के प्रतिनिधियों के रूप में, प्रधानमंत्री ने बहस और विचार-विमर्श के महत्व को रेखांकित किया और अतीत में हुई ऐसी बहसों के सटीक उदाहरणों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि भारत के पांच हजार वर्ष पुराने वेदों और शास्त्रों में विधानसभाओं और समितियों का उल्लेख मिलता है, जहां समाज के कल्याण के लिए सामूहिक निर्णय लिए जाते थे। भारत के सबसे पुराने धर्मग्रंथ ऋग्वेद की चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने एक संस्कृत श्लोक का पाठ किया जिसका अर्थ है %हमें एक साथ चलना चाहिए, एक साथ बोलना चाहिए और हमारे विचार आपस में जुड़े होने चाहिए%। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर से संबंधित मुद्दों का समाधान बहस में शामिल करने के द्वारा किया गया जो यूनानी राजदूत मेगस्थनीज के लिए अत्यंत कौतुहल का विषय बन गया था जिन्होंने इसके बारे में बहुत विस्तार से लिखा था। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 9वीं शताब्दी के एक शिलालेख का भी उल्लेख किया, जिसमें ग्राम विधानमंडलों के नियमों और संहिताओं के बारे में विस्तार से बताया गया है। उन्होंने कहा, ÷1200 साल पुराने शिलालेख में भी किसी सदस्य को अयोग्य ठहराने के नियमों का उल्लेख किया गया है।÷ भारत में 12वीं शताब्दी से और मैग्ना कार्टा के अस्तित्व में आने से कई साल पूर्व से चली आ रही अनुभव मंटपा परंपरा का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने बताया कि चर्चाओं को प्रोत्साहित किया जाता था, जहां हर जाति, पंथ और धर्म के लोग अपने विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷जगतगुरु बसवेश्वर द्वारा आरंभ किया गया अनुभव मंटपा आज भी भारत को गौरवान्वित करता है।÷ उन्होंने रेखांकित किया कि 5000 वर्ष प्राचीन धर्मग्रंथों से लेकर आज तक भारत की यात्रा न केवल भारत के लिए बल्कि समस्त विश्व के लिए संसदीय परंपराओं की विरासत है।

प्रधानमंत्री ने समय के साथ भारत की संसदीय परंपराओं के निरंतर विकास और सदृढीकरण पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद से भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। इस सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 2019 का आम चुनाव, जब उनकी पार्टी सत्ता में चुनी गई, मानव इतिहास की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया थी  योंकि 600 मिलियन मतदाताओं ने इसमें भाग लिया था। उन्होंने कहा, उस समय 910 मिलियन पंजीकृत मतदाता थे, जो पूरे यूरोप की जनसं या से भी अधिक थी। इतनी बड़ी सं या में मतदाताओं के बीच 70 प्रतिशत मतदान भारतीयों की संसदीय प्रथाओं में गहरी आस्था को दर्शाता है। 2019 के चुनाव में महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी देखी गई। राजनीतिक भागीदारी के विस्तारित होते कैनवास का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले आम चुनाव में 600 से अधिक राजनीतिक दलों ने भाग लिया और 10 मिलियन सरकारी कर्मचारियों ने चुनाव के संचालन में काम किया और मतदान के लिए एक मिलियन मतदान केंद्र बनाए गए।




प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रक्रिया के आधुनिकीकरण पर भी बल दिया। पिछले 25 वर्षों से ईवीएम के उपयोग से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता आई है  योंकि चुनाव परिणाम गिनती शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि अगले साल आम चुनाव में एक बिलियन लोग भाग लेंगे और उन्होंने प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया।

प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधियों को संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के हाल के निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने उन्हें यह भी बताया कि स्थानीय स्व-सरकारी संस्थानों में 30 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों में से लगभग 50 प्रतिशत महिलाएँ हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, ÷भारत आज हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दे रहा है। हमारी संसद द्वारा हाल में लिया गया निर्णय हमारी संसदीय परंपरा को और समृद्ध करेगा।÷

प्रधानमंत्री ने भारत की संसदीय परंपराओं में नागरिकों के अटूट विश्वास को रेखांकित किया और इसकी विविधता और जीवंतता को श्रेय दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷हमारे यहाँ हर धर्म के लोग हैं। सैकड़ों प्रकार के भोजन, रहन-सहन, भाषाएं और बोलियां हैं।÷ उन्होंने बताया कि भारत में लोगों को वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करने के लिए 28 भाषाओं में 900 से अधिक टीवी चैनल हैं, लगभग 200 भाषाओं में 33 हजार से अधिक विभिन्न समाचार पत्र प्रकाशित होते हैं और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर लगभग 3 बिलियन उपयोगकर्ता हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में सूचना के विशाल प्रवाह और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के स्तर पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा ÷21वीं सदी के इस विश्व में, भारत की यही जीवंतता, अनेकता में एकता, हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। यह जीवंतता हमें हर चुनौती से लड़ने और हर कठिनाई को मिलकर हल करने के लिए प्रेरणा देती है।÷

विश्व की परस्पर जुड़ी प्रकृति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष और टकराव से भरी दुनिया किसी के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एक विभाजित दुनिया मानवता के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकती है। यह समय शांति और भाईचारे का है, साथ मिलकर चलने का है। यह सबके विकास और खुशहाली का समय है। हमें वैश्विक अविश्वास के संकट से उबरना होगा और मानव-केंद्रित सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना से देखना होगा। वैश्विक निर्णय लेने में व्यापक भागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके पीछे अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल करने का प्रस्ताव था जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकार कर लिया। प्रधानमंत्री ने पी-20 के मंच में समस्त अफ्रीका की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की।

लोकसभा अध्यक्ष द्वारा प्रतिनिधियों को नई संसद का भ्रमण कराने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भारत द्वारा दशकों से झेले जा रहे सीमा पार आतंकवाद को रेखांकित किया, जिसमें हजारों निर्दोष लोग मारे गए। श्री मोदी ने लगभग 20 वर्ष पूर्व भारत की संसद पर हुए आतंकी हमले का स्मरण किया जब संसद सत्र चल रहा था और आतंकवादी सांसदों को बंधक बनाकर उन्हें खत्म करने के इरादे से आए थे। उन्होंने जोर देकर कहा, %%ऐसी कई आतंकवादी घटनाओं से निपटने के बाद भारत आज यहां तक पहुंचा है%%  योंकि विश्व भी अब दुनिया भर में जारी आतंकवाद की बड़ी चुनौती को महसूस कर रहा है। श्री मोदी ने यह भी कहा, ÷आतंकवाद चाहे कहीं भी हो, किसी भी कारण से, किसी भी रूप में हो, यह मानवता के विरूद्ध है।÷ उन्होंने ऐसी स्थिति से निपटने के लिए समझौता न करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने उस वैश्विक पहलू की ओर भी ध्यान आकर्षित किया जहां आतंकवाद की परिभाषा को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि कैसे आतंकवाद से मुकाबले के लिए अंतर्राष्ट्रीय स मेलन आज भी संयुक्त राष्ट्र में आम सहमति की प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानवता के दुश्मन दुनिया के इस रवैये का लाभ उठा रहे हैं और उन्होंने विश्वभर की संसदों और प्रतिनिधियों से आतंकवाद के विरूद्ध इस लड़ाई में मिलकर काम करने के तरीके प्रस्तुत करने के लिए एकजुट होने की अपील की।

संबोधन का समापन करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात को रेखांकित किया कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए जनभागीदारी से बेहतर कोई माध्यम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, %%मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सरकारें बहुमत से बनती हैं, लेकिन देश सर्वस मति से चलता है। हमारी संसदें और यह पी-20 फोरम भी इस भावना को मजबूत कर सकते हैं।÷ प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि बहस और विचार-विमर्श के माध्यम से इस दुनिया को बेहतर बनाने के प्रयास निश्चित रूप से सफल होंगे।

इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अतिरिक्त लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और अंतर-संसदीय संघ के अध्यक्ष श्री डुआर्टे पाचेको भी उपस्थित थे।

# इजराइल की युद्ध और गुप्तचर नीति हिंदवी स्वराज्य से प्रेरित - डॉ. विकास दवे

### 'हिंदवी स्वराज्य की अवधारणा और वर्तमान प्रासंगिकता' विषय व्या यान और लेखक गिरीश जोशी की पुस्तक 'हिंदवी स्वराज्य' का विमोचन समारोह



भोपाल। इजराइल के राष्ट्रपति ने कहा था कि इजराइल ने अपनी सैन्य व्यवस्था, युद्ध नीति और गुप्तचर नीति शिवाजी महाराज के राज्य से स्वीकार की है। यह विचार मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने 'हिंदवी स्वराज्य की अवधारणा और वर्तमान प्रासंगिकता' विषय और लेखक गिरीश जोशी की पुस्तक 'हिंदवी स्वराज्य' के विमोचन अवसर पर व्यक्त किए। वहीं, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केजी सुरेश ने कहा कि हमारे यहां स्वतंत्रता आंदोलन को इस तरह प्रस्तुत किया गया कि इसमें कुछ ही लोग और प्रांत शामिल रहे। अमृत महोत्सव के कारण से देश के सामने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का विराट स्वरूप सामने आया। इस आंदोलन में भारत के गांवङ्कगांव, नगरङ्कनगर से लोगों ने हिस्सा लिया और बलिदान दिया।

मखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में आयोजित विशेष व्या यान एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में मु य वक्ता डॉ. विकास दवे ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित हिंदवी स्वराज्य का 350वाँ वर्ष है। जिसने मृत्य पर विजय प्राप्त की है, ऐसा हमारा भारत है। हमारे देश के जन्म की कोई तिथि नहीं है, यह मृत्युंजय है। उन्होंने कहा कि राजा कैसा होना चाहिए, इसकी श्रेष्ठ परिभाषा हमें हिंदवी स्वराज्य के ग्रंथों में मिलती है। शिवाजी महाराज ने स्वभाषा के महत्व को बढ़ाया। अपनी भाषा का संरक्षण और समृद्ध करना भी स्वराज्य है। डॉ. दवे ने वीर सावरकर का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने भी स्वभाषा के संवर्धन का काम किया।

उन्होंने हिंदवी स्वराज्य की स्थापना के पीछे के कारणों का उल्लेख किया। मुगल आक्रांताओं के कारण जिस प्रकार के अराजक वातावरण बन गया था, उसने ही स्वराज्य की कल्पना को जगाया। जिजाऊ मां साहेब और दादा कोंडदेव के सान्निध्य में, एक अनुशासित वातावरण में शिवाजी महाराज का पालन किया जा रहा था। हिंदवी स्वराज्य शिवाजी महाराज के जीवन के क्षणङ्कक्षण के साथ स्थापित हो रहा था। उन्होंने अंग्रेजों के उस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, जिसमें उन्होंने शिवाजी मुद्रा को आधुनिक तरीके से तैयार करने का प्रस्ताव दिया। उनका मत था कि स्वराज्य की मुद्रा स्वराज्य में ही तैयार होनी चाहिए। इसी प्रकार तोपें और नौसेना के लिए जहाज निर्माण का कार्य भी शिवाजी महाराज ने स्वराज्य में ही प्रारंभ कराया। न्याय व्यवस्था से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था को शिवाजी महाराज ने स्व के आधार पर विकसित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. केजी सुरेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया  योंकि यह याद रखना आवश्यक है कि स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए हमने  या कीमत चुकाई है। हमने पश्चिम बंगाल का नाम भी बंगाल इसलिए नहीं किया है ताकि हमें याद रहे कि बंगाल का एक हिस्सा उस ओर भी है। उन्होंने कहा कि रावण के पुतले को जलाना एक प्रकार से संचार की व्यवस्था है ताकि पीढ़ी दर पीढ़ी सबको असत्य पर सत्य की विजय की कहानी याद रहे।

उन्होंने कहा कि हिंदवी स्वराज्य को स्मरण करने का उद्देश्य है कि यह एक राजा के राज्य की स्थापना का प्रसंग मात्र नहीं है बल्कि यह भारत के विचार को समझने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ऐसे परिवार से संबंध रखते थे, जहां वे सुविधापूर्वक जीवन जी सकते थे लेकिन उन्होंने स्वराज्य की स्थापना के लिए संघर्ष का रास्ता चुना। कुलपति प्रो. सुरेश ने बताया कि एक बालक का विकास किस तरह किया जाना चाहिए, यह जीजामाता से सीखना चाहिए।

इस अवसर पर प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश सेठी ने कहा कि आज आमंत्रण पत्र पर भारत लिख जाता है तो लोग उद्वेलित हो जाते हैं लेकिन हम देखते हैं हमारे ही आसपास के कई देशों ने अपने मूल नाम को स्वीकार कर लिया। शिवाजी महाराज हमें स्व से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हम भ्रम में न चले जाएं इसलिए आज शिवाजी महाराज और उनके द्वारा स्थापित स्वराज्य को याद करना आवश्यक है। आज इजराइल के नागरिक जिस प्रकार संकट के समय में अपने देश के साथ खड़े हैं, उससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भविष्यवाणी की थी कि जब भारत सामर्थ्यशाली बनेगा तब विश्व कल्याण की कल्पना साकार होगी। इससे पूर्व लेखक गिरीश जोशी ने हिंदवी स्वराज्य के संचार प्रबंधन पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया। अन्त में आभार ज्ञापन कुलसचिव प्रो. अविनाश वाजपेयी ने और कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक लोकेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग सहित अन्य विभागों के विद्यार्थी, शहर के गणमान्य नागरिक और विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं अधिकारीङ्ककर्मचारी उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश में 250 घोटाले – प्रियंका गांधी

सिवनी यशो:- कॉग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंडला में आयोजित जन आक्रोश यात्रा को स बोधित करते हुए प्रदेश की जनता के लिए बड़ा ऐलान किया, पहली कक्षा से बारहवी कक्षा तक मु त शिक्षा दी जाऐगी, विशेषकर आदिवासियो के लिए उन्होंने घोषणा की जिस स्थान पर 50 प्रतिशत से अधिक आबादी होगी वहॉ छटी अनुसूचि लागू की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कॉग्रेस की सरकार बनते ही ''पढ़ो-पढ़ाओं'' योजना लागू होगी। इसके लिए पहली से बारहवी कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा के साथ, कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को 500 रू. कक्षा नौवी से बारहवी तक 1000 रू. और ग्यारहवी से बारहवी तक के छात्र-छात्राओं को प्रति माह 1500 रू. मिलेंगे, उन्होंने यह भी कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के बैकलॉक पदो को तत्काल भरे जाऐंगे। प्रियंका ने कहा कि किसानों का कर्ज माफ करेंगे, 100 यूनिट 100 रू. बिजली, 200 सौ यूनिट का आधा बिजली बिल, गैस सिलेंडर 500 रू. में मिलेगा,



महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रू. दिये जायेंगा। सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जायेंगी।

प्रियंका गांधी ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा की 225 महिने की सरकार में 250 से अधिक घोटाले हुए है प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहें है भाजपा के नेता प्रदेश को लूट में व्यस्त है मध्यप्रदेश में 18 साल की भाजपा सरकार ने 22 हजार से अधिक घोषणाए की किन्तु उन घोषणाओं को पूरा करने का प्रयास नही किया गया। शिवराज सरकार ने इतने सारे घोटाले किये है जिसमें बच्चों के पोषण आहार में घोटाला, मीडे-मील में घोटाला, सर्वशिक्षा में घोटाला, छात्रवृत्ति में घोटाला, भर्ती परीक्षा में घोटाला, प्रदेश के शिक्षित नौजवान ` या करे, फीस भरकर परीक्षा की तैयारी करते है परीक्षा देते है उनकी भर्ती में भाजपा के नेता भारी भ्रष्टाचार करते है धार्मिक क्षेत्र उज्जैन महालोक जैसे में भी घोटाला करने से बाज नही आये।

पूर्व मु यमंत्री प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी ने जनसभा को स बोधित करते हुये कहा कि शिवराज सिंह ने प्रदेश को दिया` या है ? मंहगाई दी, भ्रष्टाचार दिया, बेरोजगारी दी, घर घर शराब दी, हम विश्व आदिवासी दिवस का उत्सव मनायें, आदिवासियो के लिए बैकलॉक पदो पर भर्ती करेंगे, गांव में बर्तन बैंक बनायेंगे, वन अपराध के सभी झूठे केशो को वापस लेंगे। शिवराज सरकार ने आदिवासी क्षेत्रो के लगभग 3200 पट्टो को स्वीकृति नही दी, प्रदेश में कॉग्रेस की सरकार बनते ही मैं आपकी समिति बनाउंगा, आदिवासियों को पट्टे दिये जायेंगे, कमलनाथ जी ने कहा कॉग्रेस सरकार किसानों की सरकार है आप कॉग्रेस सरकार से निराश नही होंगे।

# गांधी परिवार ने सबको ठगा, कमल नाथ ने गांधी परिवार को ठगा – फग्गन सिंह कुलस्ते


मंडला यशो:- -जिस गांधी परिवार ने पूरे देश को और देश की जनता को ठगा, उस गांधी परिवार को कमलनाथ ठग रहे हैं। 2018 में कमलनाथ ने राहुल गांधी से झूठे वचन दिलवाए और 2023 में प्रियंका गांधी से झूठी गारंटियां दिलवा रहे हैं। यह बात फग्गन सिंह कुलस्ते ने विधान सभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कही।

**प्रियंका ने बिना पढ़े ही कर दी, पढ़ो-पढ़ाओ की घोषणा**

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मंडला में प्रियंका गांधी ने बिना पढ़े ही पढ़ो-पढ़ाओ की घोषणा कर दी, कांग्रेस पूरी तरह से कं यूज है। कल जिस तरह से प्रियंका जी से घोषणाएं करवाई गई। मैंने वह वीडियो देखा, कई घोषणाएं करके बैठ गई फिर कांग्रेस नेता उठे और बोले, एक और करो। अच्छा उन्हें पता ही नहीं ` या घोषणा करना है, उन्हें कांग्रेस के नेताओं द्वारा घोषणाएं पढ़ाई ही नहीं गई।

**मंच पर ही पूरी कांग्रेस कं यूज- झूठी योजना हो गई यूज**

श्री कुलस्ते ने कहा कि मंडला में सभा के दौरान पहले प्रियंका मैडम बोलती हैं कि अभी-अभी एक और घोषणा मुझे बताई है,÷कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक बच्चों की स्कूली शिक्षा निशुल्क होगी।÷ कमलनाथ जी फिर टोक रहे हैं प्रियंका जी को, करे शन करा रहे हैं, प्रियंका जी बोलती है आप ही बोलिए वो कहते हैं नहीं आप बोलिए, फिर वह दोबारा पढ़ती हैं, ÷1 से लेकर आठवीं तक 500 देंगे, नौवीं से लेकर दसवीं तक 1000 देंगे, 10 से 12 तक 1500 हर साल देंगे। - फिर सुरजेवाला कहते हैं, हर साल नहीं, हर महीना। फिर मैडम कहती है, लिखा तो इसमें हर साल है। अब आप कल्पना कर सकते हैं कि पहले कुछ लिखते हैं, फिर पढ़ने का कहते हैं, कितने गंभीर है वह की हर साल में काम नहीं चलेगा तो हर महीने आ जाओ। ना लेना है ना देना है, बस झूठी घोषणाएं करनी हैं।



कांग्रेस की नीति, झूठ बोलो और वोट लो राहुल-प्रियंका लगातार झूठ बोल रहे है

**कमलनाथ ने बच्चों का लैपटॉप और साइकिल बंद कर दी**

श्री कुलस्ते ने कहा कि कांग्रेस ने अपने पुराने वचन पत्र में कहा था कि शालेय स्तर के कई बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक अन्य पठन की उच्च कोटि की सामग्री निःशुल्क उपलब्ध करवाएंगे। लेकिन जो भाजपा सरकार लैपटॉप देती थी, बंद कर दिए थे। साइकिल देना बंद कर दी। मेधावी विद्यार्थी योजना इन्होंने ठंडे बस्ते में डाल दी। बच्चों की फीस तक छीन ली। निःशुल्क घर की घोषणा पर सवाल करते हुए कहा श्री कुलस्ते ने कहा कि अब कह रहे हैं कि निशुल्क घर देंगे। जबकि प्रधानमंत्री जी ने जो गरीबों के लिए जो घर स्वीकृत किये थे, इन्होंने कहा था कि ले जाओ वापस। इन्होंने स्टेट का जो 40 प्रतिशत शेयर होता है वो भी नहीं दिया था।

**ये पब्लिक है कांग्रेस का सच जानती है**

केंद्रीय राज्य मंत्री निवास विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री कुलस्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिये गये पीएम आवास योजना के मकान छीनने वाले ये, बच्चों के लैपटॉप और साइकिल छीनने वाले, बच्चों की फ़ीस छीनने वाले संबल योजना, मु य मंत्री कन्यादान योजना ,तीर्थ दर्शन योजना ये बंद करने वाले अब फिर ठगने आ गए हैं। यह जनता को ठगने के पहले ये तय भी नहीं कर पाते है कि 'महीने' कहना है कि 'साल'। ये कांग्रेस का झूठ है, ये राहुल गांधी जी और प्रियंका जी से लगातार झूठ बुलवा रहे है, लेकिन ये पब्लिक है जो सब जानती है।

# अबैध शराब पकड़ने का चल रहा है अभियान

सिवनी यशो:- विधानसभा 2023 आदर्श आचार संहिता के दौरान अवैध मदिरा विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दिनांक 12/10/23 को कले टर क्षितिज सिंघल के आदेशानुसार एवं सहायक आयुक्त आबकारी जिला सिवनी शैलेश जैन के निर्देशन में आबकारी वृत दक्षिण एवं शहर वृत के अंतर्गत ग्राम छीतापार, खापा अरी,आमागढ़, मैली एवं नानीकन्हार में कुल 12 संदिग्ध स्थलों पर दबिश कार्य कर 04 आरोपियों एवम् 02 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कुल 06 आपराधिक प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 16 4 (c) के अन्तर्गत पन्जीबद्ध किये गए। जिसमे लगभग 720 किलोग्राम महुआ लाहन ,45 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, 21 पाव अंग्रेजी शराब, 4 बोतल बीयर एवं 14 केन बियर (कुल 9.6 बल्क लीटर बियर एवं 3.78 बल्क लिटर अंग्रेजी शराब) शराब जप्त की गई ।जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 88200 रुपये है।मौके पर महुआ लाहन का से पल निकालकर शेष महुआ लाहन निर्मूल्य होने से नष्ट किया गया । कार्यवाही का नेतृत्व पवन झारिया सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा किया गया।

कार्यवाही में आब.उप.निरी. रविन्द्र लिल्हारे, आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, विशालराव , संतराम मरावी आनन्द मरावी ,सेवकराम भलावी अर्चना इनवाती उपस्थित रहे।टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# आईटीआई केवलारी में कौशल दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

सिवनी यशो:- शासकीय आईटीआई केवलारी में 12 अ टूबर 2023 को कौशल दीक्षांत समारोह -2023 का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तीर्ण हुए प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को संस्था द्वारा ट्रॉफी से स मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को कौशल उन्नयन, प्लेसमेंट संबंधी रोजगार, स्वरोजगार एवं उच्च शिक्षा की जानकारी दी गई। संस्था द्वारा सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना करती है।





# आर्ट ऑफ लिविंग का 16 से हैप्पीनेस योग शिविर

**योग-ध्यान-प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया की सीखेंगे कला**

बालाघाट यशो:- पद्म विभूषण मानवतावादी गुरू परम पूज्य श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग बालाघाट केंद्र द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर चार दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर( आनन्द अनुभूति कार्यक्रम) का आयोजन 16 से 19 अ टूबर तक आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि श्री श्री के अनुसार हिंसा मुक्त समाज, रोग मुक्त शरीर, संभ्रान्ति मुक्त मन, शंका रहित बुद्धि, सदमा रहित स्मरण शक्ति, शारिरीक क्षमतायुक्त शरीर और एक दुःख रहित आत्मा प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी उद्देश्य के साथ शिविर के माध्यम से सांसारिक व अध्यात्मिक ज्ञान एवं योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ विश्ववि यात सुदर्शन क्रिया की प्रक्रियाओं को मनोरंजक क्रियाओं एवं आपसी संवाद के जरिये सिखाया जाता है ।जिससे स्वस्थ शरीर तनाव एवं नकारात्मक विचारों से मुक्ति, अधिक आत्मविश्वास, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता,खुशहाल जीवन और मन की शांति के साथ ही दैनिक जीवन उपयोगी सरल ज्ञान और प्रक्रियाओं के माध्यम से तनाव मुक्त होते हुए जीवन में खुशी और सफलता के सूत्र भी सिखाये जायेंगे। इस शिविर में 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोग शिविर में शामिल हो सकते है। प्रशिक्षक श्री ठाकुर ने बताया कि शिविर का आयोजन बालाघाट नगर के श्री श्री सत्संग हॉल बूढ़ी,सेन्टर में प्रातः 06 से 9 बजे तक होगा। संस्था संयोजकों ने शिविर का लाभ उठाने नगरीय क्षेत्र के लोगों से अपील की है।

**प्राणायाम, ध्यान, आसन, योग एवं सुदर्शन क्रिया लाभकारी**

आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आमजनों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए इस शिविर के अंतर्गत प्राणायाम, ध्यान, आसन एवं योग के साथ-साथ विश्ववि यात ÷सुदर्शन क्रिया÷ क्रिया सिखाई जाती है जिससे अनेक लाभ होते हैं। जो कि हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखने में सहायक होती है।



हैप्पीनेस प्रोग्राम आनन्द अनुभूती 6 दिवसीय योग शिविर में योग-ध्यान कार्यशाला को प्रशिक्षकों द्वारा करवाया जायेगा। जीवन का गूढ़तम रहस्य हमारी साँसों में छिपा होता है।यह शिविर श्वास प्रक्रिया द्वारा शरीर व मन को लयबद्ध करता है ।जिसका मु य उद्देश्य आम लोगों को अच्छा स्वस्थ्य एवं खुशी प्रदान करना है। व्यक्ति सुख, शांति, आनंद एवं स्वतंत्रता का अनुभव सहजता से कर सके यह ही शिविर का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि योग हमारी हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक धरोहर एवं परंपरा है। गुरूदेव श्री श्री कहते हैं हम अपने जीवन में जो कोई भी कार्य करते हैं वह खुशी की तलाश में ही किया जाता है। खुशी की चाबी आपके हाथ में ही है। इसीलिये सांस के रहस्य को जाने। आपकी सांस द्वारा ही जीवन में मुस्कान को लाना इतना ही आसान है। आप किसी भी आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक से पूछेंगे कि एक स्थिर मुस्कान को कैसे प्राप्त किया जा सकता है तो आपको एक बहुत आसान परंतु गहन ज्ञान मिलेगा। आपने कभी इस बात पर ध्यान दिया है कि हमारे सांस लेने की प्रक्रिया हमारी भावनाओं के साथ बदलती है? जब भी आपको क्रोध आता है, आपकी सांस की ` या गति होती है? आप छोटी एवं तेज गति से सांस लेते है। जब आप आराम व सुखमयी स्थिति में होते हैं, तब कैसे सांस लेते हैं? तब आप लंबी एवं गहरी सांस लेते हैं। इससे यही तात्पर्य निकाला जा सकता है कि हमारी श्वास हमारी भावनाओं के साथ जुड़ी हुई है। ऐसा संभव है कि हमारे भीतर की नकारात्मक भावनाओं को सांस द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। हैप्पीनेस कोर्स का लक्ष्य है कि आप अपने जीवन में खुशी को इस प्रकार महसूस करें जैसे आपने पहले कभी नही किया। योग, बीमारी ही नहीं योग से दैनिक दिनचर्या में आने वाले तनाव से मुक्ति और सजगता का विकास पूर्ण रूप से वर्तमान में जीना सीखता है, वहीं हमारी शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। प्राणायाम, ध्यान, आसन,योग एवं सुदर्शन क्रिया से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहता है।

**वैश्विक स्तर पर हुए अनेक शोध परिणामों में पाए गए सुदर्शन क्रिया के लाभ**

वैश्विक स्तर पर हुए अनेक शोध परिणामों में पाए गए सुदर्शन क्रिया के कई लाभ बताये गये है। जिसमें तनाव के समय उत्सर्जित होने वाला हार्मोन कम होता है, खून में लैकटेट का स्तर कम होता है। हानिकारक कोलेस्ट्रॉल कम होता है और लाभकारी कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। मस्तिष्क को तनाव रहित करने वाला हार्मोन बढ़ता है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।तनाव रहित शांत मन,स्वस्थ शरीर एवं भरपूर स्फूर्ति, जीवन में आनंद एवं उत्साह, आत्मिक खोज एवं आध्यात्मिक उन्नति, चिंताओं उत्तेजनाओं एवं अवसाद से मुक्ति बेहतर भावनात्मक एवं मानवीय संबंध, बेहतर शरीरिक क्षमता, बेहतर एकाग्रता, क्रोध पर नियंत्रण जैसे लाभ होते हैं।

**शिविर का लाभ उठाने स्वयंसेवको ने की अपील**

आगामी 16 अ टूबर से आयोजित होने वाले हैप्पीनेस शिविर का लाभ उठाने की अपील नगर के प्रबुद्ध नागरिकों से आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवक विकास सोनेकर, श्रीमती सुशीला बोरीकर, ॠतु मोहारे,रमेश रंगलानी, मौसम हरिनखेरे, सुरजीत सिंह ठाकुर, ज्ञान नैनवानी,जितेन्द्र मोहारे, कुमुद राहंगडाले,डॉ.हेमन्त राहंगडाले,डॉ.सुनीता राहंगडाले,ज्ञान नैनवानी,भूपेन्द्र टेंभरे, सुनील बिसेन, अनिल वाधवानी,गीता रंगलानी, सुनील बिसेन, नितिन हरिनखेरे, प्रकाश साहू,करण बिसेन,विक्की पालेवार,थिबलिष माखीजा सहित अन्य लोगों ने की है।

# प्रथम बालिका मतदाता स मेलन का हुआ आयोजन

.बरघाट यशो:-आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान के प्रति मतदाता जागरूकता के अंतर्गत कई प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में ÷स्वीप÷ व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचन भागीदारी एक कार्यक्रम है , जिसका उद्देश्य मतदाता जागरूकता बढ़ाना एवं मतदाता पंजीकरण के माध्यम से निर्वाचन भागीदारी को सुविधाजनक बनाना हैं । युवाओं , महिलाओं और समाज के अन्य उपात वर्गो को निर्वाचन की ओर उन्मुख करना है । विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रवि कटरे ने बताया कि इसी के तहत




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ेना कला जिला सिवनी में प्रथम बार मतदान करने वाली बालिकाओं को विद्यालय में एक कार्यक्रम के माध्यम से बूथ बनाकर मतदान कराया गया । मतदान` यों आवश्यक है और इसमें हमारी` या जि मेवारी है ,और यह भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए` यों जरूरी है इन सब के बारे में अवगत कराया गया। स्वीप गतिविधियों के बारे मे प्राचार्य एस डी मैकेंजी, मास्टर ट्रेनर राजेंद्र उईके , बी एल ओ मुरलीधर गौतम, के पी पटले,विजेंद्र पाटिल द्वारा गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन करने हेतु सहयोग प्रदान किया गया।

# पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना'' के अंतर्गत सात पारिवारिक विवादों में हुआ समझौता

सिवनी यशो:-माननीय मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्रीमान राजीव एम. आप्टे के कुशल मार्गदर्शन में श्री विकास शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी द्वारा हर माह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी में ''पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना'' की बैठक का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी में माह अ टूर-2023 में दिनांक 09/10/2023 को पारिवारिक विवाद समाधान बैठक का आयोजन किया गया। पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना के अंतर्गत पारिवारिक विवाद से संबंधित कुल सात प्रकरणों का राजीनामे के द्वारा निराकरण किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विकास शर्मा भी उपस्थित रहे तथा सुलाह कर्ता के रूप में पार्वती डहेरिया भी उपस्थित रहीं।

# आरओ एवं एआरओ को प्रशिक्षण में बताई गई नामांकन की प्रक्रिया

मण्डला यशो:- विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं उनकी टीम का प्रशिक्षण रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से स पन्न कराने में रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। उन्हें स पूर्ण प्रक्रिया की बेहतर जानकारी होना जरूरी है। कले टर ने कहा कि संबंधित अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। अपनी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. टीपी मिश्रा, डॉ. श्रीकांत श्रीवास्तव, डॉ. डीके रोहितास द्वारा नामांकन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

# थाना उगली में शांति समिति की बैठक का आयोजन

उगली यशो:- आगामी तीज त्यौहार विशेष शारदेय नवरात्र और दशहरा पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक सिवनी के दिशा निर्देश का पालन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी केवलारी आशीष कुमार भराड़े और थाना प्रभारी उगली एस गोदेवार की उपस्थिति में पूरे थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम और आयोजन समिति के आयोजक गण और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

अभी वर्तमान में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता पूरे प्रदेश में लागू कर दी गई है और पूरे जिले में धारा 144 लगाई गई है। इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए शांती पूर्ण रूप से त्योहार मनाने के निर्देश दिए गए।



आयोजन समिति को बिजली कने शन अस्थाई रूप से लेना अनिवार्य है,सुबह दस से शाम छै बजे तक लाउड स्पीकर बजा सकते हैं,और रात्रि के दस बजे से सुबह छै बजे तक साउंड डी जे प्रतिबंधित रहेगा। यदि आयोजन समिति कोई भी रतजगा करवाती है,तब कार्यक्रमों के लिये एस डी एम महोदय से परिमीशन लेना अनिवार्य है। आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए, राजनीतिक नेताओं को सार्वजनिक मंच में नेता आम नागरिक के तौर पर स मिलित हो सकते हैं।

मंच में भाषण नहीं दे सकते और यदि ऐसा होता है, तो इसकी जि मेदारी आयोजन समिति की होगी। शराबखोरी दुर्गा पंडाल में जुआ सट्टा या किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियां पाई जाती है तो आयोजन समिति इसकी जवाबदार रहेगी।

शांति समिति की बैठक में एस डी ओ पी केवलारी थाना प्रभारी उगली के वरिष्ठ नागरिक गण प्रमोद जैन,एल डी हनवत, आनंद भगत,अशोक पटले, मुकेश अवधिया,डीहन श्रीवास्त्री, पत्रकार कन्हैया प्रजापति, राजदीप राहंगडाले, शैलेश जैन,त्रय बक शरण मिश्रा,राम लाल पटले और उगली क्षेत्र के सभी ग्रामों के सरपंचों उपस्थित रहे।

पृष्ठ 01 का शेष समाचार

# कांग्रेसी परिषद में व्यापक भ्रष्टाचार............

की तिथि 25 अगस्त निर्धारित थी जिसे 28 अगस्त को निविदा खोली गयी तो उसमें एक फर्म के कुछ दस्तावेज कम थे जिसकी पूर्ति के लिये दोनो फर्मो को दो दिन का समय दिया गया ।

यहाँ बता दे कि निविदा 25 अगस्त को आमंत्रित की गयी और 28 अगस्त को खोली गयी परंतु परिषद के विद्युत शाखा प्रभारी मुकेश चौहान द्वारा परिषद में विपक्षी दल के नेता ज्ञानचंद सनोडिया को 04 सितंबर को बताया गया कि अभी निविदा खुलना शेष है इस प्रकार का जबाव दिया गया और जिला कले टर को दिये गये जबाव में उल्लेख किया गया है कि निविदा 28 अगस्त को खोली गयी है । वहीं नगर के पोलो में तिरंगा लाईट के लिये आठ लाख पचहत्तर हजार रूपये की राशि स्वीकृत हुई है जबकि जिला कले टर को दिये जबाव में बताया गया है कि पोलो में लगी लाईट ठेकेदार ने ट्राईल के रूप में लगायी है जिसका कोई भुगतान नहीं हुआ है परंतु यह लाईट लगाने वाला ठेकेदार कौन है यह परिषद के जि मेदार अधिकारी नहीं बता पा रहे है ।

पार्षद राजेश यादव का कहना है कि परिषद द्वारा जिला कले टर के माध्यम से परिषद में नेता प्रतिपक्ष को जो जबाव दिया गया है वह गुमराह करने वाला है विद्युत सामग्री क्रय करने वाली निविदा में कौन सी सामग्री क्रय की जाना है यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है और पोलो में तिरंगा लाईट क्रय करने के लिये स्वीकृत राशि को` या किया जा रहा है यह भी स्पष्ट नहीं किया जा रहा है । श्री यादव ने कहा है कि नगर पालिका परिषद जिस तरह से गोलमोल जबाव देकर गुमराह कर रही है उससे स्पष्ट हो रहा है कि परिषद में मनमाना भ्रष्टाचार हो रहा है और व्यापक अनियमित्ताएँ बरती जा रही है ।

श्री यादव ने कहा कि डिवाईडर के 250 पोलो में जो तिरंगा लाईट लगायी गयी है उसकी अधिकतम कीमत 1500 पंद्रह सौ रूपये प्रति पोल भी मानी जाये तो अधिकतम राशि तीन लाख पचहत्तर हजार रूपये होती है परंतु कांग्रेसी परिषद इस लाईट के लिये आठ लाख पचहत्तर हजार रूपये स्वीकृत कर किस तरह से परिषद की राशि पर डाका डाल रहे है इसे स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है ।

# कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया



मण्डला यशो:- निर्वाचन आयोग की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 17 नवंबर को मतदान और 3 दिसंबर को मतगणना होगी। विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान संपन्न करने के लिए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने विधानसभा क्षेत्र निवास के मतदान केन्द्र कन्या हाईस्कूल निवास, माध्यमिक शाला निवास, हाईस्कूल निवास, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवास और बालक प्राथमिक शाला पिपरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के आने और जाने के द्वार, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था, रै प, पानी, साफ-सफाई की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदाताओं से चर्चा करते हुए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने की अपील की। मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के रूकने की व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय के प्रबंध के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों में की जा रही मर मत कार्य का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों एवं अन्य स्थानों पर की गई संपत्ति विरूपण का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम निवास शाहिल खान, मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निवास दीप्ति यादव सहित विभागीय-कर्मचारी मौजूद थे।

# सुगम खेल उत्सव में दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया गया

## इनडोर स्टेडियम में मतदाता जागरूकता के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई




मण्डला यशो:-कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना के मार्गदर्शन में गुरूवार को इनडोर स्टेडियम मंडला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सुगम खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले के दिव्यांग मतदाताओं की सहभागिता महत्वपूर्ण रही। जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में सभी मतदाताओं को मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान करने की अपील की। आयोजित कार्यक्रम में सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग ने भी मतदाता जागरूकता के बारे में मतदाताओं को बताया।

इस अवसर पर सुगम खेल उत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें च मच दौड़, जलेबी दौड़, पिट्ठू, कुर्सी दौड़, डीप बाल जैसे खेल आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुगम खेल उत्सव कार्यक्रम में सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल और पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं ने 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प लिया।

सुगम खेल उत्सव कार्यक्रम में डीप बॉल प्रतियोगिता में हरिओम यादव प्रथम, अमित नंदा द्वितीय और इंद्र कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में मुस्कान यादव प्रथम, सुनीता उपाध्याय द्वितीय और आदित्य ताम्रकार तृतीय स्थान पर रहे।

जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में अमित नंदा प्रथम, नीलक्षी श्रीवास द्वितीय और दीपाली श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे। च मच दौड़ प्रतियोगिता में निखिल ठाकुर प्रथम, विदेही सारथी द्वितीय, सागर रघुवंशी और लकी झरिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पिट्ठू प्रतियोगिता में पुष्प लता कुशराम प्रथम, हर्ष यादव द्वितीय और राजू मेहरा तृतीय स्थान पर रहे। सुगम खेल उत्सव के आकर्षक कार्यक्रम में स्वीप टीम के डिप्टी डायरे टर मधु अली, सहायक संचालक रोहित बड़कुल प्राचार्य हाईस्कूल बिंझिया मुकेश पांडे की सहभागिता रही। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पीटीआई डॉ टर आकाश खत्री, श्रेयांश मिश्रा, त्रिलोक डोंगरे, करुणा मर्सकोले, अरविंद पटले, मिनी सिंह, गौरव सिंधिया और शेख इरफान का विशेष योगदान रहा।

# दो दिवसीय रास गरबा महोत्सव का होगा आयोजन

मण्डला यशो:- नवरात्र के पावन अवसर पर पूरे देश भर में 9 दिन तक चलने वाले पर्व की प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धूम मचाने वाली है। इसी कड़ी में मंडला जिले के नैनपुर के वार्ड क्रमांक 2 सिविल लाइन स्थित ज्ञान ज्योति इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रांगण में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रास गरबा इवेंट 2.0 के द्वारा ओपन गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें दिनांक 1 अे टूबर से 20 अे टूबर तक गरबा का प्रशिक्षण सिवनी से आए प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा है जिसमें पुरुष- महिलाएं एवं बच्चे सैकड़ो की सं या में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं ओपन महोत्सव का दो दिवसीय विशेष आयोजन दिनांक 21 एवं 22 अे टूबर को ज्ञान ज्योति इंग्लिश मीडियम स्कूल में भव्य आयोजन होने जा रहा है जिसमें नगर के साथ-साथ अन्य जिले के एवं अन्य शहरों के रास गरबा प्रेमी शामिल होंगे।

# निर्वाचन नामांकन की प्रक्रिया 21 अ टूबर को प्रारंभ होगी और 30 अ टूबर तक नामांकन जमा किए जा सकेंगे

## कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग ऑफीसर कार्यालय निवास का निरीक्षण किया



मण्डला यशो:- निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 17 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 3 दिसंबर को होगी। निर्वाचन नामांकन की प्रक्रिया 21 अे टूबर से प्रारंभ होगी। नामाकंन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अे टूबर 2023 है। 31 अे टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 नव बर 2023 है। विधानसभा निर्वाचन में विधानसभा क्षेत्र निवास के लिए आवेदन एसडीएम कार्यालय निवास में जमा किए जा सकेंगे।

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने गुरूवार को एसडीएम कार्यालय (रिटर्निंग ऑफिसर) निवास का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम निवास शाहिल खान, जनपद पंचायत निवास की मु य कार्यपालन अधिकारी दीप्ति यादव सहित विभागीय, कर्मचारी मौजूद थे। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि अ यर्थियों के द्वारा आवेदन पत्र जमा करने के दौरान उनकी फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी जरूर कराएं। कक्ष में बैठक व्यवस्था एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध किया जाए। अ यर्थियों के द्वारा फॉर्म जमा करते समय अधिकतम 5 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे।

रिटर्निंग ऑफीसर के कक्ष में स्थित घड़ी के समय को ही अंतिम समय माना जाएगा। अ यर्थी निर्धारित समय-सीमा में ही आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसके बाद एसडीएम कार्यालय निवास में स्थापित कंट्रोल रूम, टोल फ्री नंबर 1950, एनजीआरएस और ऑफलाईन प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों/शिकायतों/समस्याओं के संबंध में प्राप्त शिकायतों के बारे में जानकारी ली।

उन्होने कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। व्हीएसटी, एफएसटी एवं एसएसटी के द्वारा की जा रही निगरानी, जांच और निर्वाचन कार्य में लगे उक्त टीमों के द्वारा की गई सामाग्री जब्ती के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की रैली, सभा या अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करने के पूर्व विधिवत रूप से अनुमति लेनी होगी। उक्त निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर नवीन निर्माणाधीन एसडीएम कार्यालय निवास का भी निरीक्षण किया।

# प्रशासन के द्वारा दुर्गा पंडालों के झंडे पतंगी हटवाये जाने पर समाजसेवियों ने उठाई आपत्ति

## कले टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पंडालों पर हस्तक्षेप न करने की उठी मांग



मंडला यशो:- आगामी 15 अे टूबर से शारदेय नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं जिसमें दुर्गा पंडालों में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है. जिसकी तैयारी के लिये विभिन्न दुर्गोत्सव समिति समितियों के द्वारा पंडालों में झंडे पतंगियों से साज सज्जा की जाती है. इस वर्ष भी अनेकों दुर्गा पंडालों की साज सज्जा की जा रही है किंतु जिला प्रशासन के द्वारा आदर्श आचार संहिता के नाम पर पंडालों के आसपास झंडे, झालर व पतंगियों को हटाया गया जिसके विरोध में मंडला शहर के समाजसेवियों ने कले टर मंडला के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि नवरात्र में सदियों से दुर्गा पंडालों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित करके पूजन अर्चन के साथ केवल धार्मिक आयोजन किये जाते हैं न कि किसी भी प्रकार के राजनैतिक आयोजन. इस वर्ष आदर्श आचार संहिता लगी हुई है जिसका स मान करते हुए दुर्गोत्सव में पूरा ध्यान रखा जायेगा कि किसी प्रकार से इसका उल्लंघन न होवे. लेकिन प्रशासन के द्वारा दुर्गा पंडालों की साज सज्जा को हटाया जा रहा है जिसका हम सभी शहरवासी आपत्ति दर्ज कराते हुए मांग करते हैं कि दुर्गा पंडालों की साज सज्जा पर किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप न किया जाये. दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा आदर्श आचार संहिता का पूरा ध्यान रखा जायेगा. विदित हो कि विधानसभा चुनाव के लिये प्रदेशभर में आदर्श आचार संहिता लगाई जा चुकी ही इसी जिसके तहत वस्तु निरूपण अधिनियम का स ती से पालन प्रशासन के द्वारा कराया जा रहा है. सार्वजनिक संपत्तियों में लगे राजनैतिक पोस्टर झंडे आदि तो हटाये ही जा रहे हैं. ज्ञापन सौपने में मु यरूप से अरविंद बंटी ठाकुर, डॉ संतोष कछवाहा, आशुतोष साहू. जमुना विश्वकर्मा , आशीष अरोरा, अभिषेक , आकाश यादव, राजेश कछवाहा, ओमकार रजक, अंशु , ऋतिक , शोभा चंदेल, नरेंद्र ठाकुर , अविनाष . झनक बहादुर ,पवन. यादव, संदीप, सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

# बिना पूर्व प्रमाणन विज्ञापन का प्रसारण करने पर स्थिति स्पष्ट करें

मण्डला यशो:- जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा पाया गया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के सोशल मीडिया में 10 अे टूबर 2023 को मंडला गोंडवाना के नाम की फेसबुक आईडी से मंडला गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, फोटो/वीडियो में देवेन्द्र मरावी भोई निवास विधानसभा क्षेत्र क्रं. 106 प्रकाशित/शेयर है। उन्होने जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के बगैर पूर्व प्रमाणन बिना विज्ञापन/शेयर किया है। जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। रिटर्निंग ऑफीसर विधानसभा क्षेत्र निवास क्रं. 106 ने पत्र जारी कर देवेन्द्र मरावी से इस संबंध में अपना जवाब मय प्रमाण पत्र प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (जिला पंचायत कार्यालय कक्ष क्रं. 3) में प्रस्तुत करने को कहा है। अन्यथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77, 123(6) तथा भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 171 (एच) एवं 188 के तहत आवश्यक कार्यवाही करते हुए विज्ञापन में किए गए व्यय की राशि आपके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।

# जिले में लगातार बढ़ रहे हैं अवैध उत्खनन के मामले, अवैध खनन करते रंगे हाथों पकड़ा गया ट्रै टर चालक

मंडला यशो:- रेत के अवैध उत्खनन के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। कहीं ट्रैकों से तो कहीं ट्रै टर से जहां-जगह रेत माफिया अलग-अलग खदानों से रेत चोरी कर रहे है । इन सभी घटनाओं के बाद भी खनिज विभाग और उसके अधिकारी इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं । जिले में खुलेआम रेत माफिया का रेत चोरी करना और खनिज विभाग का शांत बैठा रहना कुछ अलग ही व्यवस्था की ओर इशारा कर रहा है।

**अवैध उत्खनन करते पकड़ा गया ट्रै टर**

कल हमारे प्रतिनिधियों को फील्ड करते हुए रेत का एक ट्रै टर मिला जो बड़ी तेजी से मवईजर से जयंतीपुर की ओर जा रहा था जब हमारे प्रतिनिधियों ने उसे ट्रै टर को रोक कर पूछताछ की तो पता चला कि वहां ट्रै टर ढीलन नंदा नामक व्यक्ति का है और उनके पास ना कोई रॉयल्टी है और ना किसी प्रकार की अन्य परमिशन है । इस ट्रै टर पर नंबर प्लेट भी उपलब्ध नहीं थी तथा ग्राम वासियों का कहना है कि आए देने यहां ट्रै टर बड़ी तेजी से



ग्राम पंचायत के अंदर से निकलता है जिस किसी भी वक्त जान माल की हानि होने का खतरा बना रहता है। इस ट्रै टर के मालिक से बात करने पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि यहाँ आये दिन सब की आंखों के सामने रेत माफिया अवैध उत्खनन करते है और अधिकारी इन पर कभी कोई कार्रवाई नहीं करते। अधिकारियों को चाहिए कि सारी धाराओं में इन पर कार्रवाई करते हुए इनका ट्रै टर जप्त किया जाए वह उनके खिलाफ संयुक्त स्नढ्ढक्रकर मामला दर्ज किया जाय ।

# जिला स्तरीय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला बना विजेता

मंडला यशो:- जिला स्तरीय स्तरीय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला द्वारा आयोजित किया गया जिसके उद्घाटन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ टर विजेंद्र कुमार चौरसिया चौरसिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कुशवाहा जीत उपस्थित रहे । प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में रानी दुर्गावती दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडल ने शासकीय महाविद्यालय ब हनी बंजर को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया एवं फाइनल मैच में शासकीय महाविद्यालय नैनपुर को 3-2 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। फाइनल मैच में रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मंडल पूरे समय शासकीय महाविद्यालय नैनपुर के ऊपर हावी रहा, अंततः मैच में नैनपुर को नाको चने चबवाते हुए हराकर लगातार खिताब पर कब्जा जमाए रखा। प्रतियोगिता में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किये तथा आगामी प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए उनको प्रेरित किया, प्रतियोगिता के सचिव क्रीड़ा अधिकारी अधिकारी डॉ टर गुलबहार खान अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक एवं कोच ने प्रतियोगिता में उपस्थित सभी कीड़ा अधिकारियों का स मान किया।

# मतदान प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 88 मतदानकर्मियों को नोटिस जारी

मण्डला यशो:- विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदानकर्मियों को मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजीव कॉलोनी देवदरा मंडला में आयोजित प्रारंभिक प्रशिक्षण में स मिलित होने के लिए निर्देशित किया गया था। लेकिन प्रशिक्षण में 88 मतदानकर्मी अनुपस्थित पाए गए। मतदानकर्मियों की इस प्रकार की कार्यप्रणाली को गंभीरता से लेते हुए अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह ने सभी मतदानकर्मियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत माधुरी पाठक सहा.शि., शिवरी मरकाम सहा.शि., इंद्रावती धुर्वे सहा.शि., आरती तिवारी सहा.शि., ऊषा चौरसिया सहा.शि., रानू विश्वकर्मा वरि.अध्या., रामगोपाल कुमार प्रधानाध्यापक, रमेश प्रसाद राय सहा.शि., हरिराम कु हड़े सहा.शि., भद्दूलाल धुर्वे सहा.शि., झंगल सिंह भारती सहा.शि., हनुमंत सिंह धुर्वे सहा.शि., होलेराम सरमाखी सहा.शि., रामफल झारिया व्या याता, बाबूलाल आर्मो सहा.शि., भगत सिंह धुर्वे सहा.शि., सुखचैन उईके सहा.शि., देवसिंह वरकड़े सहा.शि., बुधवा सिंह धुर्वे सहा.शि., शालिगराम पदम सहा.शि., शिवप्रसाद उईके सहा.शि., सुरेश कुमार दुबे समयपाल, कृष्ण कुमार बघेल सहा.शि., नीता मरावी अध्यापक, प्रितिलता वैश्य अध्यापक, मीरा मार्को अध्यापक, आरती राठौर अध्यापक, संजूलता पाकवासा अध्यापक, अब्दुल नसीफ खान लेखापाल, इंद्रेश झारिया अध्यापक, प्रदीप चौरे सहायक ग्रेड-2, जितेन्द्र सेंडे अध्यापक, मनोज कुमार मरावी अध्यापक, सरोज कुमार महार लेखापाल, सचिन साहू लेखापाल, दुर्गेश कुमार पटेल अध्यापक, मुन्नासिंह सहायक ग्रेड-2, नीतू मरावी सहायक अध्यापक, सुनीता धुर्वे सहायक अध्यापक, पार्वती करचाम सहायक अध्यापक, संतराम मरावी सहायक अध्यापक, चंद्रसिंह नेताम सहायक अध्यापक, नानसाय मरावी सहायक अध्यापक, नवलसिंह मरावी सहायक अध्यापक, कृष्ण कुमार मिश्रा सहायक अध्यापक, मदनसिंह धुर्वे सहायक अध्यापक, मोहनसिंह बघेल सहायक अध्यापक, रामेश्वर उईके सहायक अध्यापक, मुकेश कुमार यादव सहायक अध्यापक, सनक कुमार ठाकुर सहायक अध्यापक, बलिराम उईके सहायक अध्यापक, मोहन धुर्वे सहायक अध्यापक, चंद्रकांता बिसेन सहायक अध्यापक, विमला मरावी सहायक अध्यापक, यवन्तिका मरावी सहायक अध्यापक, अनुपमा नायक सहायक अध्यापक, अर्चना बढ़ेरिया सहायक अध्यापक, स्नेहलता कसारी सहायक अध्यापक, उर्वसी चावला सहायक अध्यापक, प्रिया जयसवाल सहायक अध्यापक, सोनम केसरवानी सहायक अध्यापक, दीक्षा धात्रे सहायक अध्यापक, प्रीति चंद्रौल सहायक अध्यापक, तिलेश्वरी मरकाम सहायक अध्यापक, सुमंत्री तेकाम सहायक अध्यापक, संगीता झारिया सहायक अध्यापक, संध्या उईके सहायक अध्यापक, विभा पटेल सहायक अध्यापक, रत्नेश यादव सहायक ग्रेड-3, कंचन कोड्ले सहायक अध्यापक, निधि जाटव सहायक अध्यापक, प्रतिभा कौरव सहायक अध्यापक, नीरजा धुर्वे सहायक अध्यापक, सरिता टोप्पो सहायक अध्यापक, शिवानी शु ला सहायक अध्यापक, पूर्णिमा ठाकुर सहायक अध्यापक, पुष्पलता सिंह सहायक अध्यापक, विवेक पांडेय सहायक अध्यापक, असीम रंजन सहायक अध्यापक, राहुल सिंह धुर्वे सहायक अध्यापक, विशल पंचतिलक सहायक अध्यापक, अंशुल कुमार पटेल सहायक अध्यापक, चमरू परस्ते सहायक ग्रेड-3, महेश कुमार भारती गुरूजी, मुकुल सिरसाम सहायक ग्रेड-3, छुन्नूलाल भारतीया सहायक अध्यापक, टेकसिंह कनेरिया सहायक अध्यापक, सुलोचना मरावी सहायक ग्रेड-3 को नोटिस जारी किया गया है। उक्त कर्मचारियों का कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1)(प)(पप)(पपप) एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के विपरीत होने से दंडनीय कृत्य है। उक्त नोटिस प्राप्ति के 2 दिवस के अंदर कारण स्पष्ट करें कि `यों न उपरोक्त कृत्य के लिए आपके विरूद्ध निलंबन-सह अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। निर्धारित अवधि में उत्तर प्राप्त न होने की दशा में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही कर निर्णय लिया जाएगा। जिसके लिए आप स्वयं जि मेदार होंगे।

# विधानसभा निर्वाचन के लिए ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेंडमाईजेशन 16 अ टूबर से प्रारंभ होगा

मण्डला यशो:-विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों का प्रथम रेंडमाईजेशन 16 अे टूबर से प्रारंभ किया जाएगा। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रथम रेंडमाईजेशन और उसके उपरांत संपादित की जाने वाली संपूर्ण कार्यवाही का कार्यक्रम विवरण जारी कर दिया है। जिसके तहत गोलमेज सभाकक्ष कार्यालय कले टर मंडला में 16 अे टूबर को प्रातः 11 बजे से जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ऑनलाईन सिस्टम ईएमएस 2.0 के माध्यम से ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीन का प्रथम रेंडमाईजेशन किया जाएगा। ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस शासकीय पॉलीटेर्नि नक कॉलेज के पीछे मंडला में 16 अे टूबर को दोपहर 2 बजे से सायंकाल 6 बजे तक और 17 अे टूबर को प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति होने तक ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस के स्ट्राँग रूम में रेंडमाईजेशन सूची के अनुसार ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों को चिन्हित कर विधानसभावार पृथक-पृथक तथा विधानसभावार आवंटित ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनें संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर की अभिरक्षा में सौंपा जाएगा। ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस शासकीय पॉलीटेर्नि नक कॉलेज के पीछे मंडला और स्ट्राँग रूम विधानसभा क्षेत्र बिछिया/मंडला/निवास शासकीय पॉलीटेर्नि नक कॉलेज मंडला में 18 अे टूबर को प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति तक विधानसभावार रेंडमाईज्ड ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी मशीनों को ईव्हीएम वेयरहाउस से शासकीय पॉलीटेर्नि नक कॉलेज भवन मंडला के निर्धारित कक्षों में स्थापित संबंधित विधानसभा क्षेत्र के स्ट्राँग रूम में शि ट/परिवहन करना तथा विधानसभावार नियत स्ट्राँग रूम में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से मशीनें रिसीव कर स्ट्राँग रूम सील किया जाएगा। उन्होंने प्रथम रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया के उपरांत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपादित की जाने वाली संपूर्ण कार्यवाही के दौरान राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297